आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारतीय दूरसंचार सेवा के हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगे।
- बाल दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री के 2047 के विकासशील भारत के सपने में योगदान देने का आग्रह किया।
- भारतीय राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के संस्थापक पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह आज से शुरू।
- भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा घोषित जनजातीय गौरव दिवस कल मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारतीय दूरसंचार सेवा के हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगे। भारतीय दूरसंचार सेवा के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह समारोह दूरसंचार क्षेत्र के विकास में विभाग के योगदान को दर्शाता है। वर्ष 1965 में भारतीय दूरसंचार सेवा का गठन हुआ था। इसका उद्देश्य दूरसंचार से संबंधित क्षेत्रों में सरकार की तकनीकी और प्रबंधकीय आवश्यकताएं पूरी करना है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह मे भी आज बाल दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपसमूह के सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बच्चे मासूमियत, जिज्ञासा और आशा के प्रतीक होते हैं – जो किसी भी राष्ट्र के भविष्य का सार हैं। उप–राज्यपाल ने कहा कि द्वीप समूह के बच्चों ने शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपने सराहनीय प्रदर्शन के माध्यम से लगातार प्रसिद्धि अर्जित की है।

प्रशासन प्रत्येक बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित पोषण, सुरक्षा और अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि बच्चे आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने सभी बच्चों से सपने देखने और प्रधानमंत्री के 2047 के विकासशील भारत के सपने में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

तीसरा भारतीय सैन्य विरासत उत्सव आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ दो दिन के इस आयोजन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान देश के सैन्य इतिहास और विरासत के अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा और भू राजनीति से जुडे मुद्दे पर विचार–विमर्श होगा। यह उत्सव तीनों सेनाओं, प्रशासकों तथा राजनयिकों, शिक्षा विदों और विचारकों के बीच गहन संवाद और सहभागिता का प्रभावी मंच है। भारत के सैन्य इतिहास और विरासत से संबंधित पुस्तकों के लेखकों के साथ भी चर्चा होगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–विभागीय मजिस्ट्रेट कमलेश्वर राव एस., ने कल लिटिल अंडमान का आधिकारिक दौरा किया। दौरे के दौरान, उप–विभागीय मजिस्ट्रेट ने रामकृष्णपुर ग्राम पंचायत के उप–प्रधान पद के लिए चुनाव का पर्यवेक्षण और संचालन किया। तारक सरकार रामकृष्णपुर ग्राम पंचायत के उप–प्रधान चुने गए। उन्होंने भूमि परिवर्तन मामलों के शीघ्र निपटान के लिए लिटिल अंडमान के तहसीलदार कार्यालय में एक कैंप कोर्ट भी लगाया। कुल 18 मामलों की सुनवाई की गई।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग, क्यारी के सहयोग से मीठे जल मत्स्य बीज उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कर रहा है। मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र, मरीन हिल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मत्स्य पालन सचिव ज्योति कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मीठे जल मत्स्य प्रजनन और बीज उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। अपने संबोधन में सचिव ने प्रतिभागियों को पीएमएमएसवाई के तहत अपनी स्वयं की मत्स्य बीज हैचरी स्थापित कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया। सचिव ने इस दौरान मत्स्य पालन विभाग द्वारा तैयार प्रशिक्षण नियमावली का भी विमोचन किया। इस प्रशिक्षण में दक्षिण अंडमान और मध्योत्तर अंडमान जिले के 25 लाभार्थी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

भारतीय राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के संस्थापक पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह आज से 20 नवंबर राज्य पुस्तकालय में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन आज शाम 4 बजे राज्य पुस्तकालय में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। सप्ताह के दौरान, स्कूली छात्रों के लिए विभिन्न साहित्यिक प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे।

उधर, शिक्षा विभाग चेस एसोसिएशन के सहयोग से आज और कल बाल चेस उत्सव का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम आज सुबह नौ बजे से आईटीआई डॉलीगंज के सभागार में रखा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती दिवस कल मनाई जाएगी। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रांची एसोसिएशन की ओर से डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में सुबह नौ बजे कार्यक्रम आयोजित कर भगवान बिरसा मुंडा की नई प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से, 16 नवंबर को सुबह 8 बजे लिटिल अंडमान के लिए जाने वाले जहाज सिंधु के समय में बदलाव किया गया है। अब यह जहाज 16 तारीख को सुबह 8 बजे के बजाय दिन में 11 बजे लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार, ने कहा है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना चरण का कार्य प्रगति पर है। इस चरण के दौरान, गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं। यदि किसी मतदाता को अब तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 भी स्थापित की गई है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में केंद्र प्रायोजित योजना "राज्य विस्तार सुधारों के लिए समर्थन कार्यक्रम" के कार्यान्वयन के लिए हैडो स्थित कृषि निदेशालय के UTATMA, में प्रतिनियुक्ति आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए लेखाकार–सह–लिपिक के एक पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं।

उम्मीदवार का 'बी.कॉम' में स्नातक होना अनिवार्य है और उनकी आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन कृषि निदेशालय के आत्मा नोडल सेल, में 12 दिसम्बर तक जमा किए जा सकते हैं। साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची 24 दिसम्बर तक जारी की जाएंगी।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान प्रशासन की ओर से सिविल डिफेंस वॉलन्टियर्स के लिए कॉल ऑन वेन रिक्यावर्ड बेसिस पर चयन के लिए साक्षात्कार 17 नवम्बर को दिन में ग्यारह बजे रखा गया है। यह साक्षात्कार जिला उपायुक्त कार्यालय, मायाबंदर में आयोजित होगा। उम्मीदवारों को अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ एक घंटा पहले पहुंचने को कहा गया है।

<><><><><><><>

उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड ने शेयर धारकों की सूची की सत्यापन की अंतिम तिथि बढ़ाकर पन्द्रह दिसम्बर कर दी है। जिन्होंने अपने दस्तावेज अब तक जमा नहीं किए हैं, उनसे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सीसीएस मुख्य कार्यालय में संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में चिकित्सा और नर्सिंग अधिकारियों के लिए आरबीएसके के अंतर्गत व्यापक नवजात जन्म दोषों परएक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी ने किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिशुओं में शारीरिक विकृतियां संबंधी विकार और समय से पहले जन्म से संबंधित जटिलताओं की पहचान करना था। कार्यक्रम में कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>